पंजाब केसरी
FRI,19 JUNE 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5


# 21 जून को होगी टी.जी.टी. नॉन-मैडीकल और हिंदी की परीक्षा, एडमिट कार्ड जारी

## 87 केंद्रों में भाग्य आजमाएंगे 7,748 अभ्यर्थी

धर्मशाला, 18 जून (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा टी.जी.टी. नॉन-मैडीकल और टी.जी.टी. हिंदी विषयों के लिए अध्यापक पात्रता परीक्षा 21 जून को आयोजित होने जा रही है। बोर्ड ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए प्रदेश भर में कुल 87 परीक्षा केंद्र स्थापित किए हैं, जिनमें कुल 7,748 अभ्यर्थी भाग लेंगे।

अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रोल नंबर बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर जारी कर दिए गए हैं। निर्धारित शैड्यूल के अनुसार यह परीक्षा 21 जून को 2 सत्रों में होगी। सुबह के सत्र में प्रात: 10 बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक टी.जी.टी. नॉन-मैडीकल की परीक्षा ली जाएगी।

इसके लिए 49 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 5,517 अभ्यर्थी उपस्थित होंगे। दूसरे सत्र में दोपहर 2 बजे से शाम साढ़े 4 बजे तक टी.जी.टी. हिंदी की परीक्षा होगी।

> टैट परीक्षा के लिए बोर्ड ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न करवाई जाएगी। परीक्षार्थी समय से काफी पहले अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचें।
>
> 
>
> परीक्षा हॉल में प्रवेश के लिए एडमिट कार्ड के साथ एक वैध मूल पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। तकनीकी परेशानी होने पर अभ्यर्थी बोर्ड के हैल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।
>
> – डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड

इस विषय के लिए 38 परीक्षा केंद्र तय किए गए हैं, जिनमें 2,231 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा की अवधि 2 घंटे 30 मिनट रहेगी।

अभ्यर्थी आधिकारिक वैबसाइट पर अपना एप्लीकेशन नंबर और जन्म तिथि दर्ज कर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

Divya Himacha 19-06-2026

# री-अपीयर एग्जाम शेड्यूल जारी

## पांचवीं-आठवीं कक्षा की तीन से 13 जुलाई तक होंगी परीक्षाएं

**नगर संवाददाता- धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले स्कूलों के लिए पांचवीं और आठवीं कक्षा के नियमित परीक्षार्थियों की पुन: परीक्षा (री-अपीयर) का शेड्यूल जारी कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा के अनुसार, ये परीक्षाएं आगामी तीन जुलाई से शुरू होने जा रही हैं। पांचवीं कक्षा की पुन: परीक्षाएं तीन जुलाई से सात जुलाई तक संचालित की जाएंगी, जबकि आठवीं कक्षा की परीक्षाएं तीन जुलाई से 13 जुलाई तक चलेंगी। परीक्षा का समय सुबह के सत्र में 09:45 बजे से दोपहर एक बजे तक निर्धारित किया गया है। सभी छात्र-छात्राओं को परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। बोर्ड ने परीक्षा केंद्रों पर कैलकुलेटर, कैलकुलेटर वाली घड़ियां, पेजर, सेलुलर फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है।

**ध्यान दें छात्र**

**पांचवीं कक्षा** के लिए तीन जुलाई को अंग्रेजी, चार जुलाई को हिंदी, छह जुलाई को गणित और सात जुलाई को पर्यावरण शिक्षा (ईवीएस) की परीक्षा होगी। वहीं, आठवीं कक्षा के लिए तीन जुलाई को अंग्रेजी, चार जुलाई को कला/ गृह विज्ञान/ संगीत/ पंजाबी/ उर्दू, छह जुलाई को गणित, सात जुलाई को हिमाचल की लोक संस्कृति और योग, आठ जुलाई को हिंदी, नौ जुलाई को संस्कृत, दस जुलाई को विज्ञान और अंतिम दिन 13 जुलाई को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा आयोजित की जाएगी। आठवीं कक्षा के जिन विषयों पर स्टार (*) मार्क लगा है, उनके प्रश्न पत्र बोर्ड द्वारा उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे; इन विषयों के पेपर संबंधित स्कूलों को खुद तैयार करने होंगे।

दैनिक सवेरा
अंधेरे से उजाले की ओर... टाइम्स

# नॉन-मेडिकल, हिंदी टीजीटी टेट परीक्षा 21 जून को

**सवेरा न्यूज/यशपाल सिंह**

धर्मशाला,18 जून : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा टीजीटी (नॉन-मेडिकल) और टीजीटी (हिंदी) अध्यापक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 21 जून को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में 87 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जबकि 7,700 से अधिक अभ्यर्थी इसमें भाग लेंगे। बोर्ड ने परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं तथा प्रवेश पत्र भी जारी कर दिए हैं। स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि टीजीटी (नॉन-मेडिकल) की परीक्षा सुबह 10 बजे से

**प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जारी किए रोल नंबर, 87 परीक्षा केंद्र स्थापित, 7,700 से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल**

दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित होगी। इसके लिए प्रदेशभर में 49 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 5,517 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। वहीं टीजीटी (हिंदी) की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4.30 बजे तक होगी। इस परीक्षा के लिए 38 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं और 2,231 अभ्यर्थी इसमें शामिल होंगे। दोनों परीक्षाओं की अवधि ढाई घंटे निर्धारित की गई है। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें टीईटी लिंक पर जाकर अपना आवेदन संख्या और जन्म तिथि दर्ज करनी होगी। प्रवेश पत्र डाउनलोड कर उसका प्रिंट साथ लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित समय से पहले पहुंचने की अपील की है। परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए एडमिट कार्ड के साथ वैध पहचान पत्र लाना भी जरूरी होगा। बिना पहचान पत्र के किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा हॉल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

Fri, 19 June 2026
epaper.dainiksaveratimes.in/c/80161009

Anant Gyan 19-06-2026

# टीजीटी टीईटी: नॉन-मेडिकल और हिंदी की परीक्षा 21 को

## प्रदेशभर में 87 परीक्षा केंद्रों में होगी परीक्षा, बोर्ड ने जारी किए एडमिट कार्ड

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में सरकारी शिक्षक बनने का सपना देख रहे हजारों युवाओं के लिए एक अहम खबर है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा टीजीटी (नॉन-मेडिकल) और टीजीटी (हिंदी) विषयों के लिए अध्यापक पात्रता परीक्षा (टेट) आगामी 21 जून 2026 को आयोजित की जा रही है। बोर्ड ने परीक्षा को पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं।

**दो सत्रों में आयोजित होगी परीक्षा:** स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 जून को यह महत्वपूर्ण परीक्षा दो अलग-अलग सत्रों में आयोजित की जाएगी।

**टीजीटी (नॉन-मेडिकल):** सुबह के सत्र में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक इस विषय की परीक्षा होगी। इस परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 49 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें कुल 5,517 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे।

**टीजीटी (हिंदी):** दोपहर के सत्र में 02:00 बजे से 04:30 बजे तक हिंदी विषय की टीईटी परीक्षा ली जाएगी। इसके लिए 38 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 2,231 अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमाएंगे। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि दोनों ही परीक्षाओं की अवधि 2 घंटे 30 मिनट निर्धारित की गई है।

## वेबसाइट से करें एडमिट कार्ड डाउनलोड

**उम्मीदवार** अपने प्रवेश पत्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org से आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए अभ्यर्थियों को वेबसाइट पर प्रदर्शित टेट लिंक पर जाना होगा और वहां अपना एप्लीकेशन नंबर तथा जन्म तिथि दर्ज करनी होगी। इसके तुरंत बाद एडमिट कार्ड स्क्रीन पर प्रदर्शित हो जाएगा, जिसका प्रिंट आउट लिया जा सकता है। बोर्ड अध्यक्ष ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से काफी पहले अपने संबंधित परीक्षा केंद्रों पर पहुंच जाएं ताकि अंतिम समय की भागदौड़ से बचा जा सके। परीक्षा हॉल में प्रवेश के लिए एडमिट कार्ड के साथ-साथ एक वैध पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। इसके बिना प्रवेश वर्जित रहेगा। यदि किसी अभ्यर्थी को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में कोई तकनीकी परेशानी आती है या परीक्षा से जुड़ी कोई अन्य जानकारी चाहिए, तो वे बोर्ड कार्यालय के आधिकारिक दूरभाष नंबर 01892-242192 पर संपर्क कर सकते हैं।

Amar Ujala 19-06-2026

# री अपीयर परीक्षाएं 3 से 13 जुलाई तक

**धर्मशाला।** ग्रीष्म कालीन अवकाश वाले स्कूलों में 5वीं और 8वीं कक्षा की री अपीयर की परीक्षाएं 3 से 13 जुलाई तक होंगी। 5वीं की परीक्षाएं 3 से 7, जबकि 8वीं की 3 से 13 जुलाई तक सुबह 9:45 बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक होंगी।

5वीं की 3 जुलाई को अंग्रेजी, 4 को हिंदी, 6 को गणित और 7 जुलाई को पर्यावरण शिक्षा की परीक्षा होगी। 8वीं की 3 जुलाई को अंग्रेजी, 4 जुलाई को कला, गृह विज्ञान, स्वर संगीत, वाद्य संगीत, पंजाबी और उर्दू की परीक्षा होगी। 6 को गणित, 7 को हिमाचल की लोक संस्कृति और योग, 8 को हिंदी, 9 को संस्कृत, 10 को विज्ञान और 13 को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा होगी। गृह विज्ञान, स्वर संगीत, वाद्य संगीत, पंजाबी और उर्दू के प्रश्नपत्र संबंधित स्कूल देंगे। ब्यूरो

# 7748 अभ्यर्थी 21 को 87 केंद्रों पर देंगे टेट

**धर्मशाला।** स्कूल शिक्षा बोर्ड 21 जून को 87 परीक्षा केंद्रों पर टीजीटी नॉन मेडिकल और हिंदी विषय के लिए अध्यापक पात्रता परीक्षा (टेट) का आयोजन करेगा। बोर्ड ने इन परीक्षाओं के लिए 7748 अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं।


इन्हें अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। 21 जून को सुबह 10 से साढ़े 12 बजे तक टीजीटी नॉन मेडिकल के लिए 49 परीक्षा केंद्रों पर 5517 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसी दिन दूसरे सत्र में दोपहर 2 से साढ़े 4 बजे तक 38 परीक्षा केंद्रों पर टीजीटी हिंदी विषय के लिए टेट होगा।

अभ्यर्थी एडमिट कार्ड बोर्ड की वेबसाइट से अपलोड कर सकते हैं। इसके लिए अभ्यर्थियों को वेबसाइट पर अपना आवेदन नंबर और जन्मतिथि डालनी होगी। ब्यूरो

# कक्षा 9वीं एवं 11वीं के कंपार्टमेंट परीक्षार्थियों की आंतरिक परीक्षाएं 03 जुलाई को आयोजित होंगी


दैनिक जागो वर्ल्ड ! धर्मशाला/ राकेश कुमार

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE), धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मार्च-2026 में आयोजित कक्षा 9वीं एवं 11वीं की वार्षिक परीक्षाओं में जिन नियमित विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम संबंधित विद्यालयों द्वारा कंपार्टमेंट घोषित किया गया है, उनकी कंपार्टमेंट परीक्षा विद्यालय स्तर पर आंतरिक रूप से आयोजित की जाएगी।उन्होंने बताया कि कक्षा 9वीं तथा कक्षा 11वीं के कंपार्टमेंट विद्यार्थियों की परीक्षाएं दिनांक 03-07-2026 को आयोजित होंगी। दोनों कक्षाओं की परीक्षा का समय अपराह्न 12:45 बजे से सायं 04:00 बजे तक निर्धारित किया गया है।डॉ. शर्मा ने कहा कि संबंधित विद्यालय निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा का आयोजन सुनिश्चित करें तथा परीक्षा संचालन के दौरान सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों एवं नियमों का पालन करें। उन्होंने विद्यार्थियों से भी निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा में उपस्थित होने का आग्रह किया।बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए विद्यार्थी अपने संबंधित विद्यालयों से संपर्क कर सकते हैं।" संक्षेप में, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE) द्वारा जारी यह समय-सारणी कक्षा 9वीं और 11वीं के कंपार्टमेंट श्रेणी के नियमित विद्यार्थियों के लिए अपने शैक्षणिक वर्ष को बचाने का एक बेहद महत्वपूर्ण अवसर है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा के निर्देशानुसार, आगामी 03 जुलाई 2026 को अपराह्न 12:45 बजे से सायं 04:00 बजे तक होने वाली यह परीक्षा पूरी तरह से विद्यालय स्तर पर आंतरिक (Internal) रूप से संचालित की जाएगी।



डॉ. राजेश शर्मा

# TGT TET Non-Medical and Hindi Exams on June 21



SANJAY AGGARWAL
DHARAMSHALA JUN 18 : There is important news for thousands of youths in Himachal Pradesh aspiring to become government teachers. The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE), Dharamshala, is conducting the Teacher Eligibility Test (TET) for TGT (Non-Medical) and TGT (Hindi) subjects on June 21, 2026. The Board has completed all preparations to ensure the exams are conducted smoothly and transparently. Admit cards have been made available on the Board's official website for the convenience of candidates. Dr. Rajesh Sharma, Chairman of the Board of School Education, stated that this important exam will be held in two separate sessions on June 21: the exam for the Non-Medical subject will take place in the morning session from 10:00 AM to 12:30 PM. A total of 49 examination centers have been set up across the state for this exam, with 5,517 candidates participating. The TET exam for the Hindi subject will be held in the afternoon session from 2:00 PM to 4:30 PM. For this, 38 examination centers have been established, where 2,231 candidates will appear for the test. Dr. Sharma clarified that the duration for both exams has been set at 2 hours and 30 minutes. Candidates can easily download their admit cards from the Board's official website, www.hpbose.org. To do so, candidates must visit the 'TET' link displayed on the website and enter their application number and date of birth. The admit card will immediately appear on the screen, and a printout can be taken. Regarding essential instructions and the helpline, the Board Chairman has appealed to all candidates to reach their respective examination centers well before the scheduled start time to avoid last-minute haste.